कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी।

संख्याः 822 / टी0ए0सी0 / सं0स0भ0 / 2016 दिनांक 29 जुलाई,2016

विज्ञप्ति

सचिव उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 2021/9–1–16–185–सा/10टी0सी0दिनांक 04 जुलाई, 2016 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद बाराबंकी की सभी निकायों में संविदा के आधार पर शासनादेश संख्या 1081/9 –1–14–466सा/2013 दिनांक 31जुलाई, 2014 द्वारा निर्धारित संविदा धनराशि तथा देय महगाई भत्ता के संविदा सफाई कर्मचारियों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है जो सम्बन्धित निकाय के अधिशाषी अधिकारी के पास निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जायेगें, अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। निकायवार पदों का विवरण निम्नवत् है:–

कम सं0	निकाय का नाम	भर्ती योग्य रिक्त पदों की संख्या	आरक्षण की स्थिति			
			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पालिका परिषद – नवाबगंज	27	06	–	08	13
2	नगर पंचायत – फतेहपुर	58	12	01	16	29
3	नगर पंचायत – रामनगर	23	05	–	07	11
4	नगर पंचायत – देवा	25	06	–	07	12
5	नगर पंचायत – बंकी	29	06	–	09	14
6	नगर पंचायत – सतरिख	21	05	–	06	10
7	नगर पंचायत – जैदपुर	75	16	01	21	37
8	नगर पंचायत – टिकैतनगर	13	03	–	04	06
9	नगर पंचायत – दरियाबाद	23	05	–	07	11
10	नगर पंचायत – सिद्धौर	07	02	–	02	03
11	नगर पंचायत – हैदरगढ़	09	02	–	03	04
12	नगर पंचायत – सुबेहा	08	02	–	02	04

उक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन की शर्ते व सामान्य निर्देश निम्नवत् है–

1–आवेदन पत्र सम्बन्धित निकाय मे जमा करने की अन्तिम तिथि प्रकाशन के दिनांक से 10–08–2016 के सायं 5:00 बजे तक है, निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

2–आवेदक की आयु दिनांक 01–07–2016 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, इसके अतिरिक्त समय–समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।

3–निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्ति अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुअल स्कैवेन्जरों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी।

4–आवेदन पत्र के साथ दो लिफाफे10X23सेमी0 आकार के अनुमन्य रजिस्टर्ड डाक टिकट लगाकर लिफाफे पर अपना नाम व पत्र व्यवहार का पूर्ण व स्पष्ट पता लिखकर संलग्न करना अनिवार्य है।

5–आवेदन पत्र पर एक नवीनतम पासपोर्ट साइज अभि–प्रमाणित फोटो यथा स्थान पर चिपकाया जायेगा तथा एक नवीनतम पासपोर्ट साइज अभि प्रमाणित फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाये।

6– जाति/निवास तथा शैक्षिक योग्यता/जन्म तिथि व अनुभव सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छाया प्रतियॉ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

7– बिना हस्ताक्षरित एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

8– साक्षात्कार के समय आवेदक को सभी प्रमाण पत्र मूलरूप से प्रस्तुत करना होगा।

9–शासन/निदेशक स्थानीय निकाय व अन्य उच्च स्तर से प्राप्त आदेशों के परिप्रेक्ष्य में पदों की संख्या में भिन्नता की स्थिति में चयन निरस्त किया जा सकता है।

10–संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी सेवायें समाप्त की जा सकेगी।

11–शासनादेश में दिये गये निर्देश के अनुसार गठित चयन समिति द्वारा संविदा सफाई कार्मिकों का चयन साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर किया जायेगा, तत्पश्चात् साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर

सम्बन्धित निकाय के अधिशाषी अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किये जायेगें।

12–विज्ञापन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए कार्यालय उत्तरदॉयी नहीं होगा। कार्यालय का विज्ञापन ही मान्य होगा। यह विज्ञापन जनपद की नगरपालिका परिषद एवं सभी नगर पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

13–यदि ग्रामीण अथवा नगरीय क्षेत्र में संविदा पर सफाई कर्मी के रूप मे कार्य किया हो तो सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष का निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

14– यह सूचना जनपद की वेबसाइट Barabanki.nic . in पर भी उपलब्ध है।

(अजय यादव)
जिलाधिकारी,
बाराबंकी।

आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

अधिशाषी अधिकारी,
नगर पंचायत/नगरपालिका –
जनपद –बाराबंकी।

पासपोर्ट साइज का प्रमाणित फोटो चिपकाय

1– आवेदक का पूरा नाम–
(क) हिन्दी में ....
(ख) अंग्रेजी मे ....
(ग) मोबाइल नं0..............................

2– पिता/पति का नाम..............................

3– जन्म तिथि(अंको में)..............................
(शब्दों में)..............................

दिनांक–01–07–2016 को आवेदक की आयु ....वर्ष..........माह..........दिन..........

4– स्थायी पता. ....

5– पत्र व्यवहार का पता..............................

6– राष्ट्रीयता–––

6–(अ) **जाति** (क) उपजाति–
(ख) अनु0जाति/ अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य..............................

7– भूतपूर्व सैनिक/विकलांग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित ....

8– विवाहित/अविवाहित/तलाकशुदा

9– शैक्षिक योग्यता..............................

उत्तीर्ण परीक्षा का विवरण–

क्रमांक	परीक्षा का नाम	बोर्ड/संस्था/का नाम	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6

10– सेवायोजन कार्यालय का पंजीयन संख्या व दिनांक– (यदि हो)

11– संविदा पर सफाई कर्मी के रूप में कार्य करने का अनुभव यदि हो, –

12– नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुअल स्कैवन्जर होने का विवरण–

घोषणा

एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैने आवेदक हेतु पात्रता की सभी शर्ते/निर्देश की जानकारी कर ली है जो मुझे मान्य है। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये समस्त विवरण/सूचनाए सत्य है। कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है यदि कोई सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाये तथा यदि नियुक्ति के पश्चात उपरोक्त में से कोई सूचना असत्य पाये जाने की दशा में मेरी सेवायें समाप्त कर दी जाये।

संलग्नकों की सं0

स्थान–

दिनांक